भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 246

जिसका उत्तर मंगलवार, 22 जुलाई, 2025/31 आषाढ़, 1947 (शक) को दिया गया

स्वास्थ्य बीमा में गिरावट

246. **श्री रामजी लाल सुमन:**

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या यह सच है कि स्वास्थ्य बीमा में गिरावट आई है;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ग) वर्तमान में कितने भारतीयों के पास स्वास्थ्य बीमा है?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (ग): इरडाई की वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 के अनुसार स्वास्थ्य बीमा से संबंधित प्रमुख संकेतक, अर्थात पॉलिसियों की संख्या, बीमित जीवन और एकत्र किये गए सकल प्रीमियम ने वित्तीय वर्ष 2022-23 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान सकारात्मक वृद्धि दिखाई है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 के दौरान जारी की गई स्वास्थ्य बीमा पॉलिसियों की संख्या, बीमित जीवन और एकत्र किये गए सकल प्रीमियम की संख्या नीचे दी गई है:

विवरण	वित्तीय वर्ष	
	2022-23	**2023-24**
पॉलिसियों की संख्या (लाख)	226.42 लाख	268.29 लाख
बीमित जीवन की संख्या (करोड़)	55 करोड़	57.28 करोड़
सकल प्रीमियम (करोड़)	89,491 करोड़	1,07,680 करोड़

ध्यानार्थ: आंकड़ों में पीए और *यात्रा बीमा* शामिल नहीं हैं| **स्रोत:** *इरडाई की वर्ष 2023-24 की* वार्षिक रिपोर्ट

साधारण बीमा परिषद में उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए सकल स्वास्थ्य प्रीमियम बढ़कर 1,18,687.94 करोड़ रुपये हो गया है।

*****